Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 22nd April, 2023

Job Opportunity at Nuclear Power Corp of India for Engineering students

career opportunity

एनपीसीआइएल: एग्जीक्यूटिव ट्रेनी पदों पर निकली भर्ती, जल्द करें आवेदन

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआइएल) में नौकरी का अच्छा अवसर है। यहां एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों के लिए कई भर्तियां की जा रही हैं। इन पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अप्रेल, 2023 से शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीवार आधिकारिक वेबसाइट npcilcareers.co.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 28 अप्रेल,2023 तक आवेदन कर सकते है।

ये है योग्यता

एनपीसीआइएल में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास संबंधित ट्रेंड में बीई/बीटेक डिग्री होना चाहिए। इसके अलावा गेट क्वालिफाई होना जरूरी है। साथ ही उम्मीदवारों के पास मैकेनिकल, कैमिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल विषयों में वैध गेट 2021, गेट 2022 या गेट 2023 स्कोर होना चाहिए। न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम उम्र 26 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमानुसार छूट दी जाएगी। लेकिन भर्ती के लिए आवेदन करने से पहले सभी उम्मीदवार आधिकारिक नोटिफिकेशन को देख ले कि योग्यता के मापदंड पूरे हो रहे हैं या नहीं।

ऐसे होगा चयन

इस भर्ती के तहत कुल 325 पदों को भरा जाएगा, जिसमें मैकेनिकल के 123 पद, केमिकल के 50 पद, इलेक्ट्रिकल के 57 पद, इलेक्ट्रॉनिक्स के 25 पद, इंस्ट्रूमेंटेशन के 25 पद और सिविल के 45 पद शामिल हैं। एमपीसीआईएल भर्ती 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट www.npcilcareers.co.in से सीधे आवेदन कर सकते है। लिंक पर क्लिक करके फॉर्म भर सकते है। फार्म में जरूरी जानकारी भरें।

फीस और चयन

इस भर्ती में आवेदन शुल्क के रूप 500 रुपए जमा कराने होंगे। एससी, एसटी, दिव्यांगों और एक्स सर्विसमैन आवेदकों को किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना है। पिछली परीक्षा गेट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनाकर शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा, इसके बाद इंटरव्यू होगा।

28 अप्रेल, 2023 है आवेदन करने की अंतिम तिथि।

26 वर्ष है अधिकतम आयु सीमा। आरक्षित वर्ग को नियमानुसार मिलेगी छूट

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)